# खेलकूद में बच्चे प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं: आदित्य प्रसाद साहू





**अनगड़ा चैलेंजर स्पोर्टस चैंपियंस: छह दिनी खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** राम एकेडमी के तत्वावधान में लुपूंग मिनी स्टेडियम में आयोजित अनगड़ा चैलेंजर स्पोर्टस चैंपियंस 2024 छह दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन मंगलवार को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू थे जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर रांची युनिवर्सिटी और जेयुटी के पूर्व कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, जसपुरिया बीएड कॉलेज के चेयरमेन जैलेन्द्र कुमार, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, राजेन्द्र शाही मुंडा, प्रमुख दिपा उरांव, शिक्षाविद डॉ रिझू नायक, नीलकंठ चौधरी, नरेश साहू, राजेन्द्र महतो, विरेन्द्र सिंह भोगता, बनमाली महतो, अजय महतो, रामकृष्ण चौधरी, रामपोदो महतो, विशेश्वर चौधरी, सिकंदर अंसारी, राजेंद्र मुंडा, सरिता तिर्की आदि उपस्थित थे। इससे पहले भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के फाइनल मैच का उद्घाटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वहीं सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने बॉल को किक मारकर महिला फुटबॉल के फाइनल मैच को शुरू कराया। राम एकेडमी के संयोजक रामसाय मुंडा ने बताया कि छह दिनी इस प्रतियोगिता में फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबडी, क्रिकेट सहित अन्य खेल हुए। क्रिकेट खेल में सुपा की टीम विजेता बनी जबकि लुपूंग उपविजेता रही। विजेता टीम को पुरस्कार के तौर पर 15 हजार नकद राशि व टॉफी तथा उपविजेता टीम को नकद 10 हजार और टॉफी दी गयी। क्रिकेट मे हीं कांग्रेस पार्टी और मीडिया के बीच हुए फाइनल मुकाबले में कांग्रेस पार्टी विजेता बनी जबकि मीडिया टीम उपविजेता रही। इसी तरह वॉलीबॉल के हुए फाइनल में साल्हन ने चिलदाग को पराजित कर फाइनल खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता टीम के आरिफ अंसारी को मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार मिला। वहीं कबड्डी में एसएस प्लस टू हाईस्कूल चिलदाग ने अनगड़ा की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। महिला फुटबॉल में तुरूप की टीम ने बानपूर को पराजित कर फाइनल खिताब जीत लिया। विजेता और उपविजेता टीमों को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। मौके पर सांसद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें एक बेहतर मंच और अवसर प्रदान करने की। आज देश विदेश में ग्रामीण क्षेत्र के कई खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। मौके पर जैलेन्द्र कुमार, डॉ अमर कु चैधरी, डॉ रिझू नायक आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एकेडमी के अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महासचिव राजू प्रमाणिक, संयोजक रामसाय मुंडा, सुनील महतो, संजय महतो, जलेश महतो, पन्नालाल, सुजीत कच्छप आदि का अहम योगदान रहा।

## रातू में दो बाइक की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

रातु(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र में एक ही दिन दो बाइक की चोरी की घटना को अंजाम देकर चोर फरार हो गये। पहली बाइक की चोरी की घटना भारत मशिनरी एन्ड टूल्स टेलिकॉम के ऑफिस में कार्यरत गायत्री नगर पाहन टोली तिलता निवासी गौरव कुमार सिंह का हुआ। गौरव अपनी काले रंग की अपाची बाईक JH01DK-2365 में सवार होकर 11:15 बजे अपने ऑफिस पहुंचे। बाइक को बाहर खड़ा करने के बाद ऑफिस के अंदर चले गये। लगभग 11: 55 बजे गाड़ी स्टार्ट की आवाज सुनकर बाहर निकले तब तक चोर बाइक लेकर फरार हो चुका था। वहीं दूसरी बाईक की चोरी गोविंद नगर में हुई जहां पिर्रा रेडियो स्टेशन रोड निवासी संदीप कुमार अपनी काले रंग की ड्रीम योगा बाईक JH01BS- 3561 में अपने भाई से मिलने गोविंद नगर गये थे। घर के बाहर बाईक खड़ा कर वह घर के अंदर चला गया।15 मिनट बाद जब घर के बाहर निकला तो बाइक को गायब पाया। मामले को लेकर भुक्तभोगियों ने रातू थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस चोरो का पता लगाने में जुट गयी है।

## जिप सदस्य ने की पूर्व मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात



नामकुम (आजाद सिपाही)। मंगलवार को जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता रामअवतार केरकेट्टा के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान लोकसभा चुलाव को लेकर राणनीति तैयार करने पर विचार-मंथन किया गया। शिष्टाचार मुलाकात में मुख्य रुप से सिमडेगा प्रभारी सह वरिष्ठ भाजपा नेता मुन्ना बडाईक, नामकुम समाजसेवी रामाधार सिंह, नवीन बडाईक आदि शामिल थे।

## विधायक मद से स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। विधायक मद से स्वीकृत योजनाओं का कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा हेंदेबिलीके तिरला गांव में दो पीसीसी पथ, गढ़टोली में पीसीसी पथ, जवाबेड़ा में चबूतरा निर्माण, केरम में चबूतरा निर्माण, भेलवाटोली में पीसीसी पथ, बरतुवा में पीसीसी पथ, लुपुंगा में चबूतरा निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्य के दौरान सभी कांग्रेस नेताओं ने मृतक घाना महतो के ब्राह्मण भोज कार्यक्रम में शामिल हुए और उनकी दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान के लिए श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में रमेश उरांव सलाहकार माननीय विधायक खिजरी, तुलसी खरवार अध्यक्ष प्रखंड कांग्रेस कमेटी ओरमांझी, प्रो प्रेमनाथ मुंडा, विधायक प्रतिनिधि, सुरेश प्रसाद साहू हरिमोहन महतो, रमेश चंद्र उरांव कमिश्नर मुंडा जिला परिषद सदस्य, रशीद इत्यादि मुख्य रूप से शामिल थे।

## अबुआ आवास से वंचित नाराज दिव्यांगजनों नें प्रखंड मुख्यालय में तालाबंदी कर किया प्रदर्शन



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। अबुआ आवास सहित अन्य योजनाओं से वंचित सैकड़ो दिव्यांगजनों नें मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय के समक्ष आक्रोशपूर्ण प्रर्दशन किया। इससे पहले दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच के बैनर तले आक्रोशित दिव्यांगजनों नें प्रखंड मुख्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंच के प्रखंड अध्यक्ष तबरेज अंसारी एवं सचिव लीला कुमारी कर रहे थे। बाद में पुलिस के समझाने बुझाने के बाद ताला खोल दिया गया। दिव्यांगजनों का आरोप है कि सभी पंचायतों में प्रकाशित अबुआ आवास योजना की सूची में दिव्यांगों के नाम गायब हैं। सरकारी गाइडलाईन के अनुसार अबुआ आवास योजना में दिव्यांगों को भी प्राथमिकता दिया जाना चाहिए। परंतु इसकी अनदेखी कर दिव्यांगजनों को सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य योजनाओं में भी दिव्यांगजनों के साथ पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। बाद में बीडीओ जयपाल सोय को एक ज्ञापन सौंपकर दिव्यांगजनों को अबुआ आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ देकर मुख्यधारा में शामिल करने की मांग की। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो दिव्यांग महिला-पुरूष शामिल थे।

# आजसू ने मैट्रिक-इंटर प्रश्न पत्र लीक को लेकर रातू में निकाला मशाल जुलूस

**शिक्षा मंत्री का जलाया गया पुतला, सीबीआइ जांच की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रातू।** मैट्रिक और इंटर की प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर आजसू प्रखंड कमिटी की ओर से प्रखंड मुख्यालय से काठीटांड चौक तक मशाल जुलूस निकाला गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाये। वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान शासन में छात्रों का भविष्य अंधकारमय है। जेएसएससीसीजीएल, इंटर और मैट्रिक आदि महत्वपूर्ण परीक्षाओं का प्रश्न पत्र लीक होना साधारण बात नहीं है। प्रश्न पत्र लीक करने में बड़े पैमाने पर उच्च लोग शामिल हैं। वक्ताओं ने इसकी सीबीआई जांच कराने की मांग की। मशाल जुलूस काठीटांड चौक तक निकाल गया। इसके उपरांत शिक्षा मंत्री का पुतला जलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन महतो कर रहे थे। कार्यक्रम को आजसू के केंद्रीय सदस्य राजीव मिश्रा, संजय गोप, रमेश उरांव,वीणा सिंह, सुशील घोष, प्रदीप पटेल, अखिलेश मिश्रा, सुरेश महतो आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किशन कांशी, विशाल साहू, बंधु महतो, देवेंद्र पाहन, चंद्रदीप उरांव, कार्तिक उरांव, विष्णु महतो, जितेंद्र कांशी, अजय महतो, भीम सिंह, जयंत सिंह, राजेश पासवान, सतीश कच्छप, बबलू उरांव, राहुल कुजूर, निर्मल मिश्रा,पंकज उरांव, फ्रांसिस तिर्की, छोटू के अलाव सैकड़ों लोग शामिल थे।

# संतोष गुप्ता बने रौनियार वैश्य युवा मोर्चा के जिला सचिव

**बधाई देने पहुंचे राज्य सभा और लोक सभा सांसद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**ओरमांझी।** रौनियार वैश्य समाज और ओरमांझी पंचायत के वर्तमान उपमुखिया और समाज सेवी संतोष गुप्ता को रांची जिला रौनियार वैश्य मोर्चा के जिला सचिव बनाये जाने पर ओरमांझी में कई जगह कार्यक्रम आयोजित कर स्वागत किया गया।

स्वागत करने वालो में मुख्य रूप से रांची लोक सभा सांसद और राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, ओरमांझी पंचायत मुखिया दीपक बडाईक, ललिता देवी, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुंडा, राजेश गुप्ता, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष, भाजपा नेता नीरज नायक, कमलेश राम, संतोष कुशवाहा, विक्रांत तिवारी, राजकिशोर साहू, आनंद महतो, शशी मेहता, युवा दस्तक अध्यक्ष आशीष साहू राजगौरव तिवारी, विजय महतो, शशी पांडेय, समाजिक कार्यकर्ता महेश साहू, रामदास महतो, मंशा लहेरी, रंजीत महतो, दीपा चौरसिया, किरन देवी ममता देवी किरन कुमारी आदि सामिल थे। सम्मानित करते हुए लोक सभा सांसद ने कहा कि ओरमांझी के लोगों के रग रग में समाजिक सेवा करना भरा है। वहीं राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने कहा समाज की सेवा करनी चाहिए। समाजिक कार्य करने में कठिनाईयां तो आती है पर मन को सुकून मिलता है। संतोष सहित ओरमांझी के लोग समाजिक काय करने में हमेशा आगे रहते हैं। संतोष गुप्ता ने कहा कि हमें एक समाज द्वारा दायित्व दिया गया पर हम सभी समाज को अपना योगदान देता रहूंगा।

# सदानों को एकजुट होकर अधिकार के लिए आवाज बुलंद करनी होगी : राजेंद्र साहू

**मूलवासी सदान मोर्चा की आगामी 27 फरवरी को रांची में होने वाली अधिकार मार्च की तैयारी को बेड़ो में हुआ बैठक का आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



महादानी मैदान बेड़ो के रंगमंच पर मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक में एकजुटता दिखाते सदान समुदाय।

**बेड़ो।** मूलवासी सदान अपने बाल बच्चों के भविष्य के लिए मर मिटने को तैयार रहें। ये बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहीं। वे मूलवासी सदान मोर्चा की रांची में आगामी 27 फरवरी को होनेवाली अधिकार मार्च की तैयारी को लेकर मंगलवार को महादानी मैदान बेड़ो में हुई बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। बैठक की अध्यक्षता क्षितीश कुमार राय ने की। मुख्य अतिथि ने कहा कि मूलवासी सदानों मोर्चा के द्वारा 27 फरवरी को रांची के मोराबादी मैदान स्थित गांधी प्रतिमा से राजभवन तक विशाल अधिकार मार्च आयोजन किया जायेगा। इसके बाद सदानों के विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सदानों को अधिकार लेना है, तो संगठित होकर अधिकारों के लिए सड़क पर उतरना होगा। तभी मूलवासी सदानों को अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल लोकसभा और विधानसभा में बाहरी उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाकर सदानों के अधिकार को छीनने का काम कर रहे हैं। जबकि सदान पहले से ही बहुत सारे जिलों में सांसद व विधायक नहीं बन पाते हैं। इसके बाद भी सदानों को प्रमुख , मुखिया ,जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं पिछड़ों का राज्य में 55% आबादी होने के बाद भी 14% आरक्षण मिलता है। उन्होंने कहा कि झारखंड में विधानसभा सभा की सीटों को 160 और लोकसभा की सीटों को 28 करने की मांग केंद्र सरकार से किया। जिससे सदानों को भी विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके। कहा कि झारखंड में सदानों की आबादी 65% है। लेकिन हम अपने वोट का महत्व को नहीं समझ पाये जिसका लाभ राजनीतिक दल उठा रहे हैं। अब हमें संगठित होकर ही वोट करना है। तभी सदानों को अधिकार मिल पायेगा।

बैठक में पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि हिंदू और मुस्लिम जिस तरह जिस भावना से हज और तीर्थ के लिए जाते हैं, ठीक उसी तरह अपने बाल बच्चों के भविष्य के लिए आगामी 27 फरवरी को मोराबादी मैदान में अपने अधिकार के लिए अधिकार मार्च में भारी से भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। नागपुरी भाषा परिषद के डॉ राम प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों को शिक्षित होना जरूरी है। तभी वे अपने अधिकारों को समझ पायेंगे। क्षितीश कुमार राय ने अपने पद अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आने वाले समय में मूलवासी सदान की जो बात करेगा उसी को सत्ता देंगे।

बैठक में 27 फरवरी को होने वाली अधिकार मार्च को लेकर बेड़ो तैयारी समिति का गठन किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से सुशील साहू, नवल सिंह, सुरेश महतो, कोरेश मिरदाहा, धनंजय महतो, शशि महतो, रसीद मीर, सुदर्शन साहू, बसंती देवी, सावित्री देवी, सरिता देवी और मुकेश गोप आदि शामिल हैं। वहीं धनंजय कुमार राय, विश्वनाथ गोप, वाणी कुमार राय और मुमताज खान को संरक्षक बनाये गये हैं।

मौके पर आदित्य चौधरी, ओमप्रकाश साहू, बृजेश महतो, कयुम फराश, कुदुश अंसारी, मुरारी पांडे, राजेश सहाय, संजय कुमार राय, कृष्णा गोप, गौरी शंकर साहू, मो अमीन, हेमंत कुमार, विमला देवी, महेश्वरी देवी, सविता देवी, कल्पना, राजेश गोप, विशेश्वर हजाम और मुस्ताक मलिक आदि मौजूद थे।

## बस और ट्रक में जोरदार टक्कर, ड्राइवरों की मौत



नामकुम (आजाद सिपाही)। नामकुम थाना क्षेत्र के कवाली टाटीसिलवे-रामपुर रिंग रोड पर सोमवार देर रात एक बस और ट्रक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे में दोनों वाहन के चालकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। हादसे में करीब एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गये हैं। सूचना पर पहुंची नामकुम पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स अस्पताल भिजवाया और दोनों ही वाहनों को जब्त कर थाने ले आयी। खबर लिखे जाने तक दोनों मृतक ड्राइवर की पहचान नहीं हो पायी थी।

## अबुआ आवास में गड़बड़ी को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



नामकुम (आजाद सिपाही)। अबुआ आवास के लिये चयनित लाभुको की सूची में गड़बड़ी में जांच की मांग को लेकर मंगलवार को आजसू ने नामकुम बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि अबुआ आवास योजना को लेकर प्रखंड के सभी ग्राम प्रधानों के द्वारा अनुसंसा कर सूची तैयार कर भेजा गया था। जिसका पालन नही किया गया। बताया गया कि इस सूची में वैसे लोग जिनका खुद का दो मंजिला मकान है, चारपहिया वाहन है या फिर पूर्व में ही सरकारी आवास योजना का लाभ ले चुके है उनका नाम जोड़ दिया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रुप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संजीव सिंह उर्फ छोटू सिंह, रांची जिला वरिय उपाध्यक्ष प्रकाश लकडा, राजू नायक, रतन लाल सिंह होंडा, विवेक कुमार गोप, धीरज नाग, जयपाल सिंह मुंडा के साथ आजसू कार्यकर्ता शामिल थे।

## लोकसभा के हर बूथ पर युवा चौपाल लगेगी



नामकुम (आजाद सिपाही)। सांसद समाधान केंद्र कार्यालय नामकुम में मंगलवार को भाजयुमो रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष विवेक आनंद जयसवाल की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्य प्रभात शामिल हुए। बैठक में रांची लोकसभा के हर बूथ पर युवा चौपाल लगाने का निर्णय एवं पूरे रांची लोकसभा क्षेत्र में ढाई लाख युवाओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया। बैठक का संचालन भाजयुमो टाटीसिलवे मंडल अध्यक्ष सत्यजीत सिंह ने किया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में सूर्य प्रभात, विवेक आनंद जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने अपनी बातों को रखा। बैठक में मुख्य रूप से भाजयुमो रांची जिला ग्रामीण महामंत्री शशिकांत सिंह, जिला खेल संयोजक संजीत सिंह, सुप्रेष महतो, संतोष महतो, सजल सोनी और विभिन्न मंडल अध्यक्ष शामिल हुए।

## भाजपा का दीवार लेखन अभियान



कांके (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी कांके मंडल के तहत गागी पंचायत में दीवार लेखन किया गया। जिसमें फिर से एक बार मोदी सरकार लिखकर पार्टी का चुनाव निशान कमल दीवारों पर बनाया गया। इस मौके पर अनिल महतो टाइगर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार एक बार फिर 400 से भी अधिक सीटों के साथ सत्ता में वापसी कर रही है। इसके लिए कार्यकत्ता अभी से ही लगातार तन मन धन से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल महतो टाईगर , मंडल अध्यक्ष राम लखन मुंडा, लक्ष्मण साहू, अनिल, बूथ अध्यक्ष बलि पहान, लखन लाल महतो उपस्थित थे।

## चरिमा गांव में नहीं थम रहा हाथियों का आतंक





बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड का ग्रामीण क्षेत्र हाथियों के चिंगाड़ से कांप रहा है। जंगलों से सटे गांवों के किसान परेशान हैं। आये दिन हाथी किसानों की फसलों को तहस-नहस कर रहे हैं। जहां सोमवार की शाम लगभग छह बजे पांच जंगली हाथियों ने चरिमा गांव में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों ने पंकज कुजूर के मकई और अंगनु एक्का,मनोज एक्का, जोधान लकडा व सुनील कुजूर के गेहूं की फसल को हाथियों ने खाकर और रौंदकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया। गांव के किसान पंकज कुजुर ने कहा कि तैयार आलू मटर व सरसों की फसल को जंगली हाथी ने बर्बाद कर दिया है। किसानों का कहना अगर विभाग इसी तरह सुस्त पड़ा रहा तो हमलोगों को हाथियों के डर से खेती करना भी छोड़ देना पड़ेगा। इसके वावजूद हमलोगों को कोई मुआवजा नहीं मिलता है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीनों से प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में हाथियों की आतंक से गांव के लोग परेशान हैं। हाथियों का झुंड लगातार गांव का भ्रमण कर रहा है और मौका मिलते ही कहीं घर तोड़ दे रहा है तो कहीं किसानों के द्वारा लगे फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं हाथियों के उत्पात से राहत दिलाने के लिए विभागीय स्तर पर समुचित उपाय नहीं किए जा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों व किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

## हमारा संकल्प विकसित भारत शिविर का आयोजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। तोरपा प्रखंड के बारकुली व तोरपा पश्चिमी एवं कर्रा के घुनसुली व जुरदाग के पंचायत भवन में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कर्रा के जुरदाग एवं तोरपा के बारकुली और तोरपा पश्चिमी पंचायत में आयोजित शिविरों में कार्यक्रम के जिला प्रभारी पदाधिकारी रवि कुमार वर्मा ने शिविर की गतिविधियों का निरीक्षण किया। साथ ही हमारा संकल्प विकसित भारत की प्रतिज्ञा भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को तड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। उन्होंने लोगों से सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ प्राप्त करने की अपील की। मौके पर एलइडी वैन के माध्यम से लोगों को हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित वीडियो का प्रदर्शन कर लोगों को सरकार की योजनाओं से विस्तार से अवगत कराया गया। तोरपा के बारकुली में आयोजित षिविर में कार्यक्रम के जिला प्रभारी एवं मुखिया प्रतिमा तिडू द्वारा कंबल का वितरण किया गया।

